# नेहरू मैमोरियल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हाँसी

वार्षिक पुरस्कार–वितरण समारोह

(10 अप्रैल 2015)

के अवसर पर

प्राचार्य

## डॉ. इन्द्राज सिंह, एच.ई.एस.

द्वारा प्रस्तुत

वार्षिक–प्रतिवेदन

2014–2015

मुख्य अतिथि :–
**प्रो0 छत्तरपाल सिंह**
पूर्व मंत्री, भारत सरकार

# वार्षिक प्रतिवेदन

माननीय मुख्य अतिथि महोद्य प्रो0 छत्तरपाल जी, पूर्व तकनीकी शिक्षामंत्री उपस्थित अतिथिगण, प्रबुद्ध पत्रकार बन्धु, सहयोगी प्राध्यापक वृन्द, कर्मचारी वर्ग एवं प्रिय विद्यार्थियों, ने0 मै0 राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हांसी के इस 46 वें वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह की पावन बेला में आपका सादर अभिनन्दन एवं स्वागत है ।

आज हमारे मध्य हमारे प्रिय नेता प्रो0 छत्तरपाल जी को पाकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे है। मान्यवर ! आप जैसे प्रतिभावान व्यक्तित्व से सभी परिचित है तथापि मैं उपस्थित जनसमुदाय से आपका परिचय करवाना अपना कर्त्तव्य समझता हूं । प्रो0 छत्तरपाल का जन्म 10 मार्च, 1960 को हिसार जिले के फरीदपुर गांव में चौधरी हुकम सिंह के घर हुआ । इन्होंने राजकीय महाविद्यालय हिसार से स्नातक की शिक्षा 1979 मे पूरी की । मेरठ विश्वविद्यालय से आपने डिफैन्स स्टडीज में स्नातकोत्तर किया तथा वहीं से डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की । आपने 1983 में राजकीय महाविद्यालय हिसार से अपना अध्यापन का कार्य किया इस अवधि में आप अपने सहकर्मियों एवं विद्यार्थियों में अत्यन्त लोकप्रिय रहे ।

आपने 1991 में शिक्षण कार्य को छोड़ते हुए राजनीति में पदार्पण किया तथा राजनीति के कद्दावर नेता चौधरी देवीलाल को हराकर चुनाव जीता । 1991 में आप हरियाणा के तकनीकी शिक्षा मंत्री बने इस पद पर रहते हुए आपने तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए । आपने ग्रामीण आंचल के विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा देने एवं युवाओं को रोजगार परक शिक्षा देने के उद्देश्य से गावों ऐसे केन्द्र स्थापित किए जो युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में अत्यन्त लाभप्रद सिद्ध हुए । तकनीकी शिक्षा को अधिक कारगर बनाने के लिए आपके सदप्रयासों से ही गुरू जम्भेश्वर तकनीकी शिक्षा विश्वविद्यालय, हिसार की स्थापना हुई ।

मुझे ये बताते हुए अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि यह विश्वविद्यालय देशभर में दूसरा तकनीकी विश्वविद्यालय है ।

आपने गांव खेदड़ में स्थापित थर्मल पावर प्लांट के प्रस्ताव को मंजूरी दिलवाई और तत्तकालीन प्रधानमंत्री से इसका उद्घाटन करवाया ।

अपने अध्ययन काल से ही आपकी राजनीति में ही विशेष रूची रही । विश्वविद्यालय में छात्र संघ के प्रधान पद पर रहते हुए जो आपने राजनीति में कदम रखें वो आज तक आगे बढ़ रहे है। मान्यवर! शिक्षा के प्रति आपकी रूचि एवं जनसामान्य से स्नेह के कारण आपने हमारे निमन्त्रण को स्वीकार कर हमारे मध्य उपस्थित होकर हमें कृतार्थ किया । इन शब्दों के साथ मैं अपने और महाविद्यालय परिवार की ओर से पुनः आपका अभिनन्दन करता हूं ।

जारी.....2.....

नेहरू मैमोरियल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हांसी की स्थापना वर्ष 1968 में एजुकेशन सोसायटी हॉसी द्वारा की गई । 15 फरवरी 1980 को हरियाणा सरकार ने इसका अधिग्रहण कर लिया 1 सितम्बर 1988 से वर्तमान भवन में कक्षाओं का शुभारंभ हुआ । महाविद्यालय में प्रयोगशालाओं सहित कुल 73 कमरें हैं तथा एक बहुउद्देशीय हाल है । वर्ष 2012 से महाविद्यालय में एम0.कॉम की कक्षाऐं सुचारू रूप से चल रही है ।

महाविद्यालय में एम0.कॉम, बी0.ए0., बी0.कॉम, बी0.सी0.ए0. तथा बी0.एस0.सी0. के पाठ्यक्रम हैं जिनमें विद्यार्थियों की कुल संख्या 2218 हैं । आज महाविद्यालय में 19 प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाएं तथा 15 अन्य कर्मचारी कार्यरत हैं ।

**मैरिट स्कोलरशिपः–**

श्री कर्मवीर सिंहाग जी की अध्यक्षता में मैरिट स्कोलरशीप का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है Merit Scholarship to under Graduate Girls Students Scheme 2014-15 के अन्तर्गत 30000/– रू की राशि 10 छात्राओं को 3000/– प्रति छात्रा प्रदान की गई । इसी स्कीम (Renewal) के अन्तर्गत 57000/– रू की राशि 19 छात्राओं को प्रति छात्रा 3000/– रू प्रदान की गई।

Merit Incentive Scheme के अन्तर्गत 80000/– रू की राशि 23 छात्र/छात्राओं को प्रदान की गई Fresh Award of Haryana State Merit Scholarship on the basis of 10+2 exam held in March/April 2014 Scheme के अन्तर्गत 18000/– रू की राशि 5 छात्राओं को 3600/– रू प्रति छात्रा प्रदान की गई ।

Promotion of Science Education (POSE) Scholarship के अन्तर्गत Haryana State Concil for Science and Technology की तरफ से महाविद्यालय की बी0एससी0 (नॉन मडिकल) की प्रथम वर्ष की छात्रा कुमारी भावना तथा कुमारी सोनिया के लिए तीन वर्षो तक प्रति मास 4000/– रू छात्रवृति मंजूर की गई है । महाविद्यालय की बी0एससी0 (नॉन मेडिकल) की द्वितीय वर्ष की छात्रा कुमारी करूणा भी इस छात्रवृति का लाभ ले रही है ।

**महाविद्यालय में विभिन्न परिषद कार्यरत हैः–**

**संस्कृत साहित्य परिषदः–**

संस्कृत भाषा साहित्य परिषद श्रीमती सविता मान के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही। संस्कृत साहित्य परिषद के तत्वाधान में अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । जिसके अर्न्तगत संस्कृत–प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, संस्कृत–निबन्ध लेखन, श्लोकोच्चारण एवं संस्कृत पत्र–वाचन प्रतियोगिताएं शामिल की गई । क्षेत्रिय युवा समारोह में संस्कृत नाटक– **"मूल शंकर"** की प्रस्तुति दी । इन सबके लिए सम्पूर्ण परिषद बधाई की पात्र है ।

जारी.....3.......

**हिन्दी साहित्य परिषदः–**

हिन्दी साहित्य परिषद श्रीमती सविता मान के कुशल नेतृत्व में वर्ष भर कार्यरत रही । इस परिषद के अन्तर्गत समय–समय पर महाविद्यालय एवं अन्य महाविद्यालयों में आयोजित भाषण, कविता पाठ, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, निबन्ध प्रतियोगिता प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने भाग लिया । जिनका प्रदर्शन सराहनीय रहा । इन सबके लिए परिषद बधाई की पात्र हैं ।

**अंग्रेजी साहित्य परिषदः–**

अंग्रेजी परिषद श्रीमती नूतन यादव के कूशल नेतृत्व में वर्षभर कार्यरत रही । अंग्रेजी विभाग के द्वारा विषय परिषद के अन्तर्गत 28 फरवरी, 2015 को एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छः टीमों ने भाग लिया । विभाग द्वारा समय–समय पर विभिन्न गतिविधियां भी करवाई गई ।

**गणित परिषदः–**

गणित परिषद श्रीमती रेनू यादव के कुशल नेतृत्व में वर्षभर कार्यरत रही । परिषद द्वारा दिनांक 02.03.2015 को एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । इसमें विभाग के सभी सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया ।

**विज्ञान परिषदः–**

1. दिनांक 02.03.2015 को भौतिकी विभाग द्वारा एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया ।
2. राजकीय महाविद्यालय हिसार द्वारा 29 व 30 जनवरी, 2015 को आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में हमारे विद्यालय के भौतिकी विभाग के दो छात्रों कुमारी शैलजा व विजय कुमार बी0एससी0 द्वितीय वर्ष ने अपना मॉडल प्रस्तुत किया तथा दूसरा स्थान प्राप्त किया ।
3. दिनांक 02.02.2015 को रसायन विज्ञान विभाग द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । राजकीय महाविद्यालय हिसार में निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें महाविद्यालय की छात्रा किरण व पुष्पा ने भाग लिया ।

**मनोविज्ञान परिषदः–**

मनोविज्ञान परिषद के द्वारा राज्यस्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में सराहनीय मॉडल प्रस्तुत किया गया । परिषद द्वारा Poster Making प्रतिस्पर्धा का सफल आयोजन किया गया । परिषद द्वारा विषय सम्बन्धित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । इसके लिए मनोविज्ञान परिषद बधाई की पात्र हैं

**भूगोल परिषदः–**

भूगोल परिषद श्री प्रदीप वर्मा के कूशल नेतृत्व में वर्षभर कार्यरत रही । हिसार में आयोजित Inter District Science Exhibition में भूगोल विभाग के तृतीय वर्ष के विद्यार्थी प्रवीन कुमार और मुनिष कुमार ने भाग लिया व द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक मे Inter College Quiz Contest में भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान हासिल किया ।दिनांक 02.05.2015 को भूगोल विभाग द्वारा Intra College Geography Quiz Contest का आयोजन किया गया ।

जारी.....4.......

भूगोल विभाग द्वारा Talent Search के दौरान General Quiz Contest का आयोजन किया गया ।

दिनांक 10 मार्च, 2015 को भूगोल विभाग द्वारा उमंग Festival में Inter Class General Quiz का अयोजन करवाया गया । इन सबके लिए भूगोल परिषद बधाई का पात्र है ।

**कम्प्यूटर साईंस परिषदः–**

कम्प्यूटर साईंस परिषद श्रीमती सुमित्रा सांगवान के कुशल नेतृत्व में वर्षभर कार्यरत रही । दिनांक 29.01.2015 को राजकीय महाविद्यालय, हिसार में महाविद्यालय के कम्प्यूटर साईंस विभाग के दो छात्र हरप्रीत एवं सोरभ बी0सी0ए0 तृतीय वर्ष ने Science Exhibition में भाग लिया ।

कम्प्यूटर विभाग के दो छात्र आदित्य प्रथम वर्ष एवं रूपेश तृतीय वर्ष ने FC College, Hisar में आयोजित Program में अपनी Power Point Presentation प्रस्तुत की ।

कम्प्यूटर विभाग द्वारा दिनांक 02.03.2015 को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।

**अर्थशास्त्र परिषदः–**

श्री सुभाष पूनिया के कुशल नेतृत्व में अर्थशास्त्र परिषद वर्ष भर कार्यरत रही । परिषद द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन हुआ जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। इसके लिए सम्पूर्ण परिषद बधाई की पात्र है ।

**लीगल लिटरेरी सैल (कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ)**

महाविद्यालय में कानूनी जागरूकता के लिए कानूनी साक्षरता प्रकोष्ठ का गठन किया गया है. प्रकोष्ठ की ओर से महाविद्यलाय में पेंटिग प्रतियोगिता, Slogan Writing, Eassay writing compition का आयोजन किया गया । इसके कुशल संचालन के लिए श्री देवेन्द्र मलिक बधाई के पात्र है ।

**महिला प्रकोष्ठः–**

महिला प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में दिनांक 13.10.2014 से 18.10.2014 तक एक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं को योग प्रशिक्षण तथा Persanlity Development का प्रशिक्षण दिया गया । महिला प्रकोष्ठ द्वारा महाविद्यालय में दिनांक 10.10.2014 को मेहंदी रचाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । दिनांक 16.02.2015 को डॉ धतरवाल द्वारा एक Extention Lecture का अयोजन किया गया । महिला प्रकोष्ठ के कुशल संचालन के लिए डॉ0 सुमित्रा एंव श्रीमती सीमा कटारिया बधाई की पात्र है ।

**कैरियर गाइडेंस एवं प्लेसमैंट सैलः–**

महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं के व्यक्तित्व विकास तथा रोजगारोन्मुख जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए प्लैसमैंट सैल कार्यरत है । सैल के माध्यम से समय–समय पर प्रवेश परीक्षा की तैयारी, साक्षत्कार, समूह चर्चा तथा स्नातक के बाद कैरियर विकल्प आदि विषयों पर सेमिनार आयोजित किए जाते है । सैल के लिए हरियाणा उच्चतर शिक्षा महानिदेशक द्वारा 18500/– रूपये की राशि उपलब्ध करवायी गई जिनका उपयोग पुस्तके खरीदने में किया गया। प्लेसमैन्ट सैल की ओर से 15 छात्रों को दिनांक 02.07. 2014 को राजकीय महाविद्यालय, पंचकूला में आयोजित Job Fair में भाग लिया इसके अतिरिक्त छात्र छात्राओं के लिए एक व्याख्यान का भी आयोजन किया गया इस सैल के कुशल संचालन के लिए श्री कर्मवीर सिहाग बधाई के पात्र है।

जारी.....5.......

**राष्ट्रीय सेवा योजनाः–**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की दो इकाईयॉ श्रीमती सुमन मलिक एवं श्री कपिल मलिक के नेतृत्व में कार्यरत हैं। स्वयं सेवको के द्वारा समय–समय पर विशेष कार्यक्रमों जैसे वन–महोत्सव, साक्षरता–दिवस, स्वच्छता अभियान, मतदाता दिवस एवं पर्यावरण शिक्षा आदि का आयोजन किया जाता रहा है । सत्र 2014–15 में 20 अक्टूबर, 2014 से 26 अक्टूबर, 2014 तक दोनों इकाईयों के स्वयं सेवकों ने रूपनगर कॉलोनी हांसी में सात दिवसीय शिविर लगाया । सात दिवसीय शिविर में प्रथम व द्वितीय इकाई में से बेस्ट कैम्पर का खिताब कुमारी सुदेश व सौरभ को मिला । अनूप व कुमारी पिंकी को बेस्ट स्वयं सेवक चुना गया । स्वयं सेवकों ने मतदान जागरूकता, साक्षरता अभियान, स्वच्छता जैसे विश्व के प्रति जन चेतना का संचार किया । 01 नवम्बर, 2014 से 07 नवम्बर, 2014 तक स्वच्छता अभियान चलाया गया । 17 जनवरी, 2015 को राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया गया । 25 जनवरी, 2015 को राष्ट्रीय मतदान दिवस पर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई । 12 मार्च 2015 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । श्रीमती सुमन मलिक एंव श्री कपिल मलिक इसके लिए बधाई के पात्र है ।

**एन.सी.सी :–**

महाविद्यालय में नेशनल कैडेट कोर वर्षभर कार्यरत रही । इस वर्ष प्लाटून में कुल 53 कैडेट को भर्ती किया गया ।

इस सत्र के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया इस सत्र में 40 परेड़ का आयोजन करवाया गया जिसमें कडेटस को ड्रील, हथियारों का प्रशिक्षण, नेतृत्व गुणों का विकास एवं देश भक्ति के विषयों में बताया गया । 29 अक्टबर, 2014 से 08 नवम्बर, 2014 तक जाटू लोहारी में 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में 12 कडेटस ने भाग लिया । सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान एक व्याख्यान का आयोजन किया गया । स्वच्छता अभियान के दौरान एक सप्ताह तक कडेटस ने महाविद्यालय व आस पास के क्षेत्रों में सफाई अभियान चलाया । महाविद्यालय के एन0सी0सी0 के कडेट सीनियर अन्डर ऑफिसर करण जुनेजा ने RDC शिविर लगाया । हमारे महाविद्यालय के 15 कैडेटस ने उच्चत्तर शिक्षा आयोग द्वारा लगाए गए एडवैंचर शिविर में भाग लिया । 29 दिसम्बर ,2014 से 29 जनवरी, 2015 तक दिल्ली में कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया । प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से चाय पर मुलाकात का मौका भी इन्हें मिला । महाविद्यालय के कैडेट ने RD परेड़ में भाग लेकर महाविद्यालय के साथ–साथ पूरे शहर का गौरव बढ़ाया । रक्तदान शिविर में एन0सी0सी0 कडेटस ने रक्त दान किया । एन0सी0सी0 यूनिट के कुशल नेतृत्व के लिए श्री किशन पाल जी बधाई के पात्र है ।

**सांस्कृतिक गतिविधियॉः–**

महाविद्यालय में छात्र–छात्राओं के सर्वागीण विकास के लिए सांस्कृतिक विभाग की स्थापना की गई है जो कि श्री देवेन्द्र लाम्बा के कुशल नेतृत्व में कार्यरत्त है । महाविद्यालय में प्रतिभा–खोज प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया जिसमें अनेक विद्यार्थियों ने भाग लिया । राजकीय महाविद्यालय जींद में सम्पन्न जोनल यूथ फेस्टिवल में महाविद्यालय की युवा टीम ने हरियाणवी डांस (एकल), समूह गान, एकल गान, हरियाणवी स्किट, गीत, गजल, मिमिकरी, रागनी, संस्कृत लेख तथा कोरियोग्राफी में भाग लिया । मोनो एक्टिंग में अमरदीप बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

जारी.....6.......

महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हरियाणा दिवस उत्सव रत्नावली में भाग लिया जिसमें श्रीराम बी0कॉम0 तृतीय वर्ष ने एकल डांस में चौथा स्थान प्राप्त किया तथा मोनो एक्टिंग में अमरदीप बी0ए0 द्वितीय वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

राजकीय महिला महाविद्यालय, रोहतक अन्तः महाविद्यालय सास्कृतिक कार्यक्रम में श्रीराम बी0कॉम तृतीय वर्ष ने डान्स में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । एफ0सी0 महिला महाविद्यालय द्वारा आयोजित अन्तः महाविद्यालय सास्कृतिक कार्यक्रम में सविता बी0एससी0 द्वितीय वर्ष ने रंगोली में द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा उपासना बी0एससी0 द्वितीय वर्ष ने Declemation में द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।

महाविद्यालय में 31 अक्टूबर, 2014 को लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का जन्म दिन कॉलेज में राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एक रैली निकाली गई । दिनांक 12.01. 2015 को स्वामी विवेकानन्द की 152 वीं जयन्ती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई । इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया ।

महाविद्यालय में 23 जनवरी, 2015 को सुभाष चंद्र बोस जयन्ती बडे धूम–धाम से मनाई गई इस अवसर पर भाषण प्रतियोगिता व देश भक्ति कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

महाविद्यालय में 2 व 3 मार्च, 2015 का उमंग उत्सव मनाया गया जिसमें महाविद्यालय के छात्रों ने सास्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़–चढ़ कर भाग लिया ।

**अर्नव्हाईल यू लर्न–**

महाविद्यालय में उच्चतर शिक्षा आयुक्त के निर्देशानुसार अर्न व्हाईल यू लर्न नीति के अन्तर्गत 92 छात्र–छात्रायें कार्य कर लाभान्वित हुए । इसके लिए सरकार द्वारा प्रदत्त 2 लाख रूपये की राशि वितरित की गई । इस कार्य के सफल कार्यान्वन के लिए श्री देवेन्द्र लाम्बा बधाई के पात्र हैं ।

**खेल–कूदः–**

महाविद्यालय की विभिन्न टीमों ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया तथा पुरस्कार प्राप्त किए, जिनका विवरण निम्न प्रकार से हैं –

1. महाविद्यालय की तीरंदाजी टीम ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालनय की वर्ष 2014–15 Indian Round Chmpionship में प्रथम स्थान प्राप्त किया । टीम के होनहार खिलाडी रविकांत एम0कॉम0 प्रथम वर्ष, रमेश कुमार बी0ए0 प्रथम वर्ष सचिन एम0 कॉम प्रथम वर्ष तथा विकास बी0ए0 प्रथम वर्ष रहे । कुमारी ज्योति बी0ए0 तृतीय वर्ष को वर्ष 2014–15 की Indian Round की श्रेष्ठ तीरअंदाज घोषित किया गया और कुमारी ज्योति अखिल भरतीय अन्तः विश्वविद्यालय और नेशनल गेम के लिए चयन किया गया । मंदीप कुमार बी0ए0 प्रथम वर्ष ने तीरअंदाजी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया । महाविद्यालय की तैराकी टीम अन्तः महाविद्यालय तैराकी चैम्पीयनशीप में भाग लिया मंजीत सिंह बी0ए0 तृतीय वर्ष ने पांच पदक हासिल किए और भगत सिंह बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष ने चार पदक हासिल किए इन दोनों छात्रो ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय में भाग लिया ।
2. हमारे महाविद्यालय की जुड़ो टीम अन्तः महाविद्यालय कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित जुड़ो चैम्पीयनशीप में भाग लिखा इसमें विक्रम प्रथम वर्ष ने स्वर्ण पदक हासिल किया

जारी.....7.......

तथा कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अन्तः महाविद्यालय में भाग लिया ।

3. महाविद्यालय की खो–खो टीम ने वर्ष 2014–15 में प्रथम स्थान प्राप्त किया । हमारे महाविद्यालन के खो–खो टीम के होनहार खिलाडी मोनू, हरदीप, संदीप कुमार दिलबाग सिंह व गौरव बी0ए0 द्वितीय वर्ष प्रवीन कुमार, दिनेश, ऋषिपाल, सुरेश, विकास, व अनिल बी0ए0 प्रथम वर्ष एवं कालू राम बी0 कॉम द्वितीय वर्ष ने पहली बार चैम्पीयनशीप पर कब्जा किया । मोनू और हरदीप ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय में भाग लिया ।
4. विनोद कुमार बी0ए0 प्रथम वर्ष ने 200 मी0 में स्वर्ण पदक एंव 100 मी0 में रजत पदक प्राप्त किया तथा पवन कुमार बी0ए0 प्रथम वर्ष ने डिकाथेलम में कास्य पदक प्राप्त किया । विनोद कुमार बी0ए0 प्रथम वर्ष ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय में भाग लिया
5. महाविद्यालय के छात्र विष्णु कुमार बी0ए0 प्रथम वर्ष ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र की रैसलिंग चैम्पीयनशीप में स्वर्ण पदक प्राप्त किया कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय में भाग लिया । महाविद्यालय की छात्रा ममता रानी ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए जुनियर विश्व कुश्ती प्रतियोगिता में रजत पदक और अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय मे रजत पदक प्राप्त किया । महाविद्यालय की छात्रा सोनू बी0ए0 प्रथम वर्ष ने विश्वविद्यालय से रजत पदक प्राप्त किया और कीमती बी0ए0 प्रथम वर्ष ने विश्वविद्यालय में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अखिल भारतीय अन्तः विश्वविद्यालय में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया । हमारे महाविद्यालय की महिला पहलवान ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय की महिला कुश्ती चैम्पीयनशीप में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । इस प्रोत्साहन के लिए शारिरीक शिक्षा के प्राध्यापक श्री कृष्ण कुमार बधाई के पात्र है ।

**बुक बैंकः–**

महाविद्यालय में बुक–बैंक की स्थाना की गई है जिसमें विद्यार्थियों को वर्ष भर पढने के लिए पुस्तकें प्रदान की जाती हैं । इस वर्ष भी अनेक जरूरतमंद विद्यार्थियों को बुक–बैंक से पुस्तके पढने के लिए दी गई ।

**बर्सरः–**

श्री सुभाष पूनिया महाविद्यालय के बर्सर है । जो कि पूरी निष्ठा एवं सतर्कता से अपना बर्सर कार्य बखूबी करते है ।

**शैक्षणिक भ्रमणः–**

इस वर्ष महाविद्यालय के विद्यार्थियों के शैक्षणिक भ्रमण के लिए सरकार द्वारा 1 लाख 80 हजार रूपए की अनुदान राशि प्राप्त हुई । विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन एवं बौद्दिक विकास के लिए उन्हें विभिन्न ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थलों का भ्रमण करवाया गया जिसके अन्तर्गत विद्यार्थियों को नेनिताल, अक्षरधाम, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के कई इतिहासिक स्थानों का भ्रमण कर वहां की संस्कृति एवं ऐतिहासिक विरासत से अवगत करवाया गया । इस कार्य की सफलता के लिए टूर प्रभारी श्रीमती सविता मान व सहयोगी प्राध्यापक बधाई के पात्र है ।

जारी.....8.......

**शैक्षणिक उपलब्धियॉं–**

महाविद्यालय की होनहार छात्रा कुमारी करूणा सुपुत्री श्री आनन्द कुमार कक्षा बी0एससी0 द्वितीय वर्ष (नॉन–मैडिकल) रोल नं0 10907 ने सत्र 2013–14 में 89.4 प्रतिशत अंक लेकर कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया । महाविद्यालय परिवार कुमारी करूणा के इस शानदार उपलब्धि पर गौरवान्वित महसूस करता है ।

महाविद्यालय का पास प्रतिशत विश्वविद्यालय के पास प्रतिशत से अधिक रहा इसके लिए महाविद्यालय के प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों बधाई के पात्र है ।

**व्यक्तिगत उपलब्धियॉं:–**

(1) प्राध्यापक देवेन्द्र सिंह मलिक ने 13.02.2015 को G.C.W Hisar में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार मे अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया एवं श्री देवेन्द्र मलिक, विभागाध्यक्ष राजनीतिशास्त्र ने 23.02.2015 से 28.02.2015 तक एक सप्ताह की ट्रेनिंग प्राप्त की ।

(2) प्राध्यापक श्री किशन पाल ने Mihir Bhag P.G College, Dadri (UP) में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार (12, 13 मार्च, 2014) में अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया । दिनांक 28–29 मार्च को डी0एन0 कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में श्री किशपाल जी ने अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया । श्री किशनपाल ने G.J.U हिसार से 23.02.2015 से 28.02.215 तक एक सप्ताह की ट्रेनिंग ली ।

(3) प्राध्यापक श्री कर्मवीर सिंह जी ने 28–29 नवम्बर, 2014 को गीता जयन्ति समारोह 2014 में राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा प्राध्यापक श्री कर्मवीर सिंह जी का शोध पत्र विश्व ज्योति नामक पत्रिका में नवम्बर 2014 में प्रकाशित हुआ ।

(4) विभागाध्यक्ष अग्रेजी श्रीमती नूतन यादव ने G.J.U हिसार में Orientation Programme – 19 के दौरान दो वक्तव्य प्रस्तुत किये तथा श्रीमती नूतन यादव ने राजकीय महाविद्यालय हिसार में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में शोध पत्र प्रस्तुत किया । इन्होंने बाबा अन्तराम जनता कॉलेज में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में भी शोध पत्र प्रस्तुत किया । इनका का एक शोध पत्र "Teaching Speaking and listening Skill thorugh Act" Global Journal में प्रकाशित हुआ ।

(5) प्राध्यापिका श्रीमती रेनू यादव ने राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार द्वारा आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया । इनका एक शोध पत्र International Journal "Meccanica" में प्रकाशित हुआ तथा इन्होंने CDLU, Sirsa में आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में भी अपना शोधपत्र प्रस्तुत किया ।

(6) डॉ0 सुमित्रा सांगवान ने G.J.U हिसार से इस सत्र में Orientation Programme किया । इन्होंने राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार में आयोजित एक दिवसीय सेमिनार में Women Secruity पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया तथा इन्होंने सी0आर0एम0 जाट कॉलेज द्वारा आयोजित सेमिनार में भी शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

(7) प्राध्यापिका श्रीमती सीमा कटारिया ने G.J.U हिसार से जून माह में Refresher

जारी.....9.......

Course किया इनका एक शोध पत्र International Journal of Computer Applications में प्रकाशित हुआ तथा इन्होंने सी0आर0एम0 जाट कॉलेज द्वारा आयोजित सेमिनार में भी शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

(8) प्राध्यापिका श्रीमती सुशीला ने दिनांक 22,23 मार्च, 2015 को एस0डी0 कॉलेज, पानीपत द्वारा आयोजित सेमिनार में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

(9) प्राध्यापक श्री मनोज ने एस0डी0 कॉलेज, पानीपत द्वारा आयोजित सेमिनार में अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया ।

(10) प्राध्यापक श्री कपिल कुमार ने रेड क्रोस हिसार में आयोजित पांच दिवसीयं यूथ ट्रेनिंग कैप्प में भाग लिया तथा उनकों Best Counsler का अवार्ड प्रदान किया गया ।

**पुस्तकालयः–**

वर्तमान पुस्तकालय नयी बिल्डिंग में सुचारू रूप से कार्यरत है जिसमें 25578 पुस्तकें U.G व P.G के लिए हैं । पुस्कालय में प्रति दिन 10 समाचार पत्र तथा 5 मासिक पत्रिकाएं मंगवाई जाती है । जिनसे सभी विद्यार्थी लाभन्वित होते हैं ।

सत्र 2014–15 में पुस्तकालय के Automation के लिए उच्चत्तर शिक्षा विभाग से 200000/– रू की राशि प्राप्त की जिसमे से पुस्तकालय की सभी पुस्तकों का Automation का कार्य पूर्ण करवाया गया तथा कार्य के जरूरी उपकरण खरीदे गए ।

**महाविद्यालय की आवश्यकताएंः–**

महाविद्यालय की अनेक आवश्यकताओं को सरकार ने पूरा कर दिया हैं फिर भी कुछ आवश्यकताएं हैं :–

1. महाविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या को देखते हुए प्राध्यापकों की कमी है ।
2. कार्यालय मे कर्मचारियों की भी कमी है ।
3. महाविद्यालय में पार्किंग शेड नहीं है जिससे स्टाफ एवं विद्यार्थियों को काफी असुविधा होती है।
4. दूर–दराज से महाविद्यालय में आने वाली छात्राओं की संख्या बहुत अधिक है । अतः छात्राओं के लिए एक छात्रावास की अति आवश्यकता है ।
5. महाविद्यालय के प्रवेश द्वार पर पुरूष व महिला कांस्टेबल की आवश्यकता है ।
6. महाविद्यालय की लाईब्रेरी के साथ अध्ययन कक्ष की आवश्यकता है ।

हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि आपके सदप्रयासों से हमारी इन आवश्यकताओं की पूर्ति अवश्य होगी ।

**शोक प्रस्ताव नामोल्लेखः–**

वर्तमान सत्र में हमने अपने दो होनहार विद्यार्थियों को खो दिया । तथा महाविद्यालय परिवार के कुछ अन्य सदस्यों को भी अपने प्रियजनों से पिछड़ना पड़ा । हम ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शान्ति की प्रार्थना करते है ।

(1) श्रीमती परमेश्वरी देवी, माता श्री कर्मवीर सिहाग

(2) नरेश कुमार सुपुत्र श्री जयबीर सिंह, बी0सी0ए0 द्वितीय वर्ष

(3) सुमन सुपुत्री श्री रविन्द्र कुमार, बी0एससी0 द्वितीय वर्ष

जारी.....10.......

**सेवानिवृतिः–**

वर्तमान सत्र में डॉ0 गुरदियाल सिंह, प्राचार्य एवं श्री दलीप सिंह, सेवादार सेवानिवृत हुए ।

**आभार प्रदर्शनः–**

इस समारोह के अवसर पर मैं मुख्य अतिथि का पुनः आभार व्यक्त करता हूँ जिन्होने महाविद्यालय के लिए अपना बहुमूल्य समय देकर हमें उत्साहित किया एवं विद्यार्थियों को अपना आशीर्वाद दिया । इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार की ओर से माननीय आयुक्त एवं सचिव तथा संयुक्त निर्देशक, उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ ।

हिसार मण्डल के आयुक्त, उपायुक्त, अतिरिक्त उपायुक्त, उपमण्डल अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नगर पालिका प्रधान तथा भवन, विद्युत के समस्त अभियन्तागण, एस.डी.ओ. तथा जे.ई. हमारे आभार के पात्र है ।

प्रस्तुत वार्षिक प्रतिवेदन को तैयार करने का दायित्व कर्मठता से निभाने के लिए श्रीमती सविता मान प्राध्यापिका संस्कृत विभाग, श्रीमती नूतन यादव प्राध्यापिका अंग्रेजी विभाग तथा श्रीमती सीमा कटारिया प्राध्यापिका कम्प्यूटर साईस विभाग का मैं आभार व्यक्त करता हूॅं । महाविद्यालय के सभी सहयोगी प्राध्यापकवृंद तथा अन्य सभी कर्मचारियों का भी आभार व्यक्त करता हूॅं जिन्होंने अपने कर्त्तव्यों को पूर्ण निष्ठा से निभाया है । विद्यार्थियों ने अनुशासन से रहते हुए शिक्षा, सांस्कृतिक तथा खेल–कूद गतिविधियों में उपलब्धियां प्राप्त की हैं तथा महाविद्यालय के वातावरण को सौहार्दपूर्ण बनाए रखने में योगदान दिया है। अतः वे सभी बधाई के पात्र हैं ।

अन्त में मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूँ जिनके प्रत्यक्ष एवं परोक्ष सहयोग से यह महाविद्यालय निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है ।

एक बार पुनः आज के समारोह के मुख्य अतिथि एवं उपस्थित महानुभावों का आभार प्रकट करता हूॅं ।